



# चोर ने घर में घुसकर कीमती जेवरों पर किया हाथ साफ

- महिला को बेहोश कर चोरी करने की दी जानकारी
- पुलिस ने कहा जांच जारी



**पानसेमल, ( नवभारत )।** थाना क्षेत्र के ग्राम आमदा में एक चोरी की वारदात सामने आई है, जिसमें अज्ञात चोर ने घर की अलमारी में रखे कीमती जेवरों पर हाथ साफ कर दिया है। परिवार के सदस्यों को इसका पता तब लगा जब वे मंगलवार सुबह उठे उन्होंने परिवार की महिला सदस्य को घर में ही बेसुध अवस्था में देखा और घबरा गए।

पहले तो उन्हें लगा कि बहू को कुछ हो गया, लेकिन कमरे की अलमारी को देखा तो पता लगा कि घर में चोरी हो गई है। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। चोरी के दौरान चांदी और सोने के जेवर चोरी होना बताया गया है। कुल कितना मूल्य की रकम चोरी हुई है, वह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

थाना प्रभारी विजय रावत ने बताया कि घर से सोने और चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है, आगे जांच जारी है। थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद ग्रामीणों ने थाने पर पहुंच कर शिकायत करते हुए आरोपियों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में बढ़ती घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भय व्याप्त है और क्षेत्र में पहले भी हुई चोरियों का खुलासा नहीं हो पाया है। ग्राम के निवासी कमलसिंह राजपूत ने भी बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता जताई है एवं शीघ्र जांच कर आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

### जिससे जनता का विश्वास बना रहे

वार्ड 2 पार्षद सलोनी राणा ने बताया कि पूर्व में थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। जिनके आरोपियों का पता अभी तक नहीं चल पाया है, जिसका शीघ्र पता लगाया जाना चाहिए। जिससे जनता का विश्वास बना रहे।

## पुलिस ने रक्षा सखी अभियान के तहत कार्यक्रम



**बड़वानी।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के मार्गदर्शन में बुधवार को शासकीय कन्या सीनियर/जूनियर अनुसूचित जाति छात्रावास में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता मुजाल्दा और उपनिरीक्षक रचना तोमर ने बालिकाओं को रक्षा सखी अभियान के माध्यम से महिला संबंधी अपराधों से बचाव, कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा और आपातकालीन पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही बालिकाओं को यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस दौरान जिले में जारी नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। अंत में सभी छात्राओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में छात्रावास स्टॉफ सहित लगभग 100 बालिकाएं उपस्थित रही।

# श्रद्धा व उत्साह से मना गुरू पूर्णिमा महोत्सव





**बड़वानी, ( नवभारत )।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्भीना शा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॅरियर सेल ने गुरु पूर्णिमा पर गुरु सम्मान एवं प्रेरक परिचर्चा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। जिसकी शुरुआत में कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य डॉ वीणा सत्य, डॉ धीरज कुमार वर्मा, प्रो जयकिशन नैनानी सहित सभी गुरुजनों का तिलक, आरती, पुष्पांजलि तथा शाल-श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया।

प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने कहा कि गुरु केवल शिक्षक नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला पथप्रदर्शक होता है। जिला नोडल अधिकारी डॉ अनिल पाटीदार ने विद्यार्थियों को गुरु-शिक्षण के महत्व को समझाते हुए निरंतर आत्मविकास की प्रेरणा दी। प्रो जयकिशन नैनानी, डॉ प्रवीण मालवीया और डॉ मधुसूदन चौबे ने भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु-शिष्य संबंध तथा व्यक्ति निर्माण में शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डाला।

इस दौरान शिक्षिका वर्षा शिंदे ने गुरु महिमा पर दोहों की सुंदर प्रस्तुति दी। परिचर्चा सत्र में राहुल भंडोले, वर्षा मुजाल्दे सहित अनेक विद्यार्थियों ने अपने प्रेरक अनुभव सांझा करते हुए बताया कि गुरुजनों के मार्गदर्शन से उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है। कार्यक्रम का संचालन हंसा धनगर तथा आभार प्रदर्शन भोला बामनिया ने किया।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

**बड़वानी।** वहीं दूसरी ओर पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ, संध्या पौराणिक ने मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश चंद्र सराफ एवं संध्या दशोरे को सम्मानित किया। पूजा जैन ने गुरु की महिमा पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सुनीता खान ने किया। अंत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों, गुरुजनों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संस्था प्राचार्य, समस्त शिक्षक वृंद, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अतिथियों व शिक्षकों ने किया अनुभव सांझा

विशेष अतिथि स्थानीय वार्ड पार्षद गजेंद्र सोनाने ने कहा कि शिक्षक ही समाज और भावी पीढ़ी के निर्माण की वास्तविक नींव हैं। अतिथियों व सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अनुभव सांझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार व निरंतर प्रगति की राह पर चलने की प्रेरणा दी।

## जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन होगा आज

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में 30 जुलाई को दोपहर 2 बजे से जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में किया जाएगा। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम नलजल योजना एवं समूह नलजल योजना के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

# विधायक बर्डे ने किया पौधारोपण



**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर परिषद द्वारा गोमी नदी के किनारे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान के समीप छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे ने पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ एक पेड़ मां के नाम अभियान आज जन-आंदोलन का रूप ले चुका है और देशभर में करोड़ों पौधे लगाए जा रहे हैं।

सीएम डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश हर नागरिक एक पौधा लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प भी निभाए, तभी हरित मध्य प्रदेश का सपना साकार होगा। का उल्लेख करते हुए कहा कि पौधारोपण तभी सफल माना जाएगा, जब प्रत्येक पौधे का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। अभियान को लेकर नप अध्यक्ष शैलेश भंडारकर के बताया कि पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर नगर के वार्डों में परिवारों को पौधे देकर उनके संरक्षण की।

# नेहरू स्कूल में गुरू पूर्णिमा महोत्सव

- गुरु-शिष्य परम्परा के सम्मान में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**सेंधवा, ( नवभारत )।** शिक्षा प्रसारक समिति द्वारा संचालित नेहरू स्मृति हासे स्कूल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। संस्था अध्यक्ष रविंद्र सिंह मंडलोई ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा भी दिखाते हैं। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही विद्यार्थी सफलता, संस्कार और श्रेष्ठ व्यक्तित्व प्राप्त कर सकता है। गुरु का सम्मान करना भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है। कक्षा 2री से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। जिनके जरिए गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान व भारतीय संस्कृति के आदर्शों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं प्राचार्य हेमंत खेड़े एवं प्राचार्य राहुल मंडलोई ने भी सम्बोधित किया। विद्यार्थियों ने भी गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का समापन गुरुजनों के सम्मान एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों से गुरु के आदर्शों पर चलने तथा सदैव अपने गुरुजनों का सम्मान करने का संदेश दिया।

## आलीराजपुर

एक नजर में

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर निकली कलश यात्रा



**पेटलावद।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव पेटलावद नगर में साईं मित्र मंडल द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। साईं मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सुबह 9:00 बजे साईं मंदिर से बाबा साईं के मित्र मंडल द्वारा साईं को एक बग्गी में साईं की तस्वीर की प्रतिमा रखकर बग्गी में बिठा कर नगर भ्रमण करवाया। इस आयोजन में नगर की छोटी बालिका वो द्वारा अपने सिर पर कलश में नारियल रखकर नगर के मुख्य मार्ग से कलश यात्रा निकाली। यात्रा में भक्त नाचते देखे गए बाबा के जय कारे लगाते रहे। यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई साईं मंदिर पर पहुंची जहां बाबा साईं की महाआरती उतारी गई आरती के बाद साईं मित्र मंडल द्वारा महाप्रसाद भंडारे का आयोजन रखा गया है जहां भक्त लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भंडारे का भी लाभ लिया। महा आरती, महा प्रसादी के साथ भंडारे का आयोजन नगर के राम शरणम् रामदेव मंदिर के साथ अन्य स्थानों पर मनाया गया।

# विश्व मंगल हनुमान धाम तारखेड़ी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर भक्तों ने लिया आशीर्वाद

### बड़ी तादाद में पहुंचे भक्त भंडारे की प्रसाद ग्रहण की



**पेटलावद** – गुरु पूर्णिमा के महोत्सव पर विश्व मंगल हनुमान धाम तारखेड़ी में सैकड़ो भक्तों ने दर्शन लाभ लिया वही मंदिर सेवा समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गुरु भक्तों ने भजन पूजन के बाद 11:00 से भंडारे की महाप्रसादी शुरू की गई विश्व मंगल धाम के महंत ऋषि वैष्णव ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर बडी संख्या में आने वाले गुरु भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई जिसमें दूर-दूर से आने वाले गुरु भक्तों ने विश्व मंगल हनुमान के दर्शन लाभ लिया वैष्णव ने बताया कि गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म की महत्वपूर्ण परंपरा है जिसमें प्रत्येक सनातनी को गुरु बनाना चाहिए जिससे अपने परिवार में सुख शांति समृद्धि का वातावरण बना रहता है गुरु एक ब्रह्म है गुरु तत्व है गुरु आराधना से सत्कर्म व्यक्ति के जीवन में आते हैं इस धाम पर इंदौर, धार, देपालपुर, झाबुआ, रतलाम, विभिन्न जिलो से श्रद्धालु यहां आये और दर्शन लाभ लिया ब्रह्म मुहूर्त 3:00 बजे से प्रभु की आराधना शुरू की गई जिसमें पंचामृत से प्रभु का स्नान कर ध्यान पूजन किया गया तत्पश्चात प्रात: 8:00 बजे से जनक रामायण टीम द्वारा गायन सुंदरकांड किया गया विश्व मंगल हनुमान के इष्ट मंत्रों द्वारा जाप एवं विधि विधान से यज्ञ की आहुतियां दी गई अभिषेक पारायण किया गया मंदिर पर आने वाले गुरु भक्तों ने अपने-अपने अनुभव सुनाए एवं अद्भुत घटनाओं के बारे में बताया गया ग्राम बड़ा उमरिया धार से आए श्याम लववंशी ने बताया कि कई प्रयास करने के बाद भी हमारी शादी नहीं हो रही थी लेकिन जब इस स्थान से जुड़े और मन्नत ली तब मेरी शादी हुई आज में इस स्थान पर 25 वर्षों से लगातार आ रहा हूं मेरे परिवार के बच्चों सहित इस मंगल धाम पर दर्शन के लिए आते हैं दर्शन मात्र से कस्टो का निवारण होता है एक और भक्त राजेश घमंडी ग्राम तोरनोद ने बताया कि मैं यहां 15 वर्षों से निरंतर स्थान पर आ रहा हूं जिसके कारण मेरे परिवार में सुख शांति बनी हुई है मेरी यहां पर आस्था विश्वास दृढ़ संकल्प के साथ अपना जीवन निर्वाह कर रहा हूं

निर्भय सिंह बारोट का कहना है कि मैं 50 वर्षों से विश्व मंगल धाम पर निरंतर सेवाएं चल रही है बचपन से लेकर आज तक इस स्थान पर सतत सेवाएं दे रहा हूं मेरे परिवार में सुख शांति बनी हुई है इस स्थान से बढ़कर कोई स्थान नहीं है इस क्षेत्र का सबसे बड़ा विश्व मंगल हनुमान धाम तारखेड़ी अद्भुत स्थान है यहां आने वाले हर भक्त की मुराद पूरी होती है 40 से 50 ऐसे भक्त हैं जो निस्वार्थ रूप से इस मंदिर पर सेवाएं देते चले आ रहे हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन सेवा में समर्पित कीया

## आज जिले में चार स्थानों पर लगेंगे राजस्व शिविर

**इंदौर.** जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण को लेकर शिविर लगाए जा रहे है। इसी कढ़ी में आज पांच स्थानों पर राजस्व प्रकरण निवारण शिविर लगेंगे. आज जिले के पांच राजस्व निरीक्षक क्षेत्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं. उक्त शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा-खसरा संबंधी प्रकरणों सहित अन्य राजस्व मामलों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा. तय कार्यक्रम के अनुसार आज जूनी इंदौर तहसील के वृत्त-1 लसूडिया मोरी, कनाडिया तहसील के वृत्त-2 बिसनखेड़ा, राऊ तहसील के वृत्त-1 रिजलाय तथा देपालपुर तहसील के वृत्त-3 रंगवासा में शिविर लगेंगे. कलेक्टर शिवम वर्मा ने उक्त क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण कराएं. साथ ही शासन द्वारा उपलब्ध जनहितकारी सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं.



# चौमासी चौदस पर मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

**राणापुर। चौमासी चौदस के पावन अवसर पर श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय* एवं *अखिल भारतीय श्री राजेंद्र नवयुग परिषद *के संयुक्त तत्वाधान में विविध धार्मिक एवं तप-आराधना के कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।**

दिनभर चले इन धार्मिक अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह सामूहिक आंबिल तप एवं सामूहिक सामायिक की भावपूर्ण आराधना की गई, जिसमें बड़ी संख्या में आराधकों ने जुड़कर तप-साधना का लाभ लिया। समाजजनों द्वारा सभी तपस्वियों एवं आराधकों की सुख-साता की सुखद अनुमोदना की गई।

संध्याकाल में धार्मिक परंपरा अनुसार **महिला एवं पुरुष वर्ग का पृथक-पृथक सामूहिक प्रतिक्रमण** आयोजित किया गया। प्रतिक्रमण संपन्न होने के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे से जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए मन, वचन एवं काया से पारस्परिक क्षमापना ( **मिच्छामि दुक्कडं** ) करते हुए क्षमा याचना की।

इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष प्रवीण नाहर के साथ श्री संघ के वरिष्ठ दिनेश चंद्र नाहर, विमल कटारिया, नरेंद्र नाहर, जयप्रकाश सालेचा, पुर्वेश सालेचा, मनोरमा नाहर, रक्षा नाहर एवं श्री संघ के अन्य सदस्य तथा महिला मंडल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

एक नजर में

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के चतुर्दश दिवस पर हेलमेट रैली

# पोस्टर अभियान, मैराथन, नाटक प्रतियोगिता के माध्यम नशामुक्ति का संदेश

**आलीराजपुर । मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन में संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' जन-जागरूकता अभियान के चतुर्दश दिवस पर जिला आलीराजपुर में विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विविध जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं, वाहन चालकों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया गया।**

अभियान के अंतर्गत सायबर सेल एवं महिला थाना प्रभारी श्रीमती मनोरमा सिसोदिया द्वारा आलीराजपुर बस स्टॉप पर बसों एवं अन्य सार्वजनिक वाहनों पर 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के संदेशयुक्त पोस्टर लगाए गए तथा बस चालकों, परिचालकों एवं अन्य वाहन चालकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्त जीवन अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।



### स्वस्थ युवा, सुरक्षित समाज और उज्जवल भविष्य की आधारशिला

अभियान के तहत सायबर सेल द्वारा 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' संदेश अंकित हेलमेट पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के करकमलों से वितरित किए गए। इसके उपरांत नगर में हेलमेट पहनकर भव्य जागरूकता हेलमेट रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्त जीवन का संयुक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन से स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्त वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। जिला पुलिस आलीराजपुर द्वारा अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्रामों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जन-जागरूकता गतिविधियाँ निरंतर संचालित की जाती रहेंगी।

इसी क्रम में खेल परिसर में आयोजित नशामुक्ति मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को एसडीओपी डॉ. शक्तिसिंह चौहान द्वारा शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवाओं से खेलों को अपनाने एवं नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। थाना कठ्ठीवाड़ा द्वारा सी.एम. राइज स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। वहीं चौकी छकतला द्वारा आमजन के मध्य जन-जागरूकता अभियान चलाकर नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया गया। थाना नानपुर द्वारा खारी स्थित एकलव्य विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।